राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी
आंचलिक प्रशिक्षण संस्थान, दिल्ली
नासिन कॉम्प्लेक्स, सेक्टर - 29, फरीदाबाद, हरियाणा - 121 008.
NATIONAL ACADEMY OF CUSTOMS, INDIRECT TAX AND NARCOTICS
ZONAL TRAINING INSTITUTE, DELHI
NACIN COMPLEX, SECTOR - 29, FARIDABAD, HARYANA - 121 008.

क्षमता निर्माण आयोग (CBC) द्वारा उत्कृष्ट () रेटिंग से मान्यता प्राप्त।
Accredited with a Utkrisht () Rating by the Capacity Building Commission

**फ़ाइल सं. / File No. :** स्वचालित रूप से आवंटित / Auto assigned

**दिनांक / Dated :** ई-आवंटित / E-assigned

**सेवा में / To,**

1. समस्त प्रमुख मुख्य आयुक्त / मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क, / All Principal Chief Commissioners / Chief Commissioners of Customs,
2. समस्त प्रमुख मुख्य आयुक्त / मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक), / All Principal Chief Commissioners / Chief Commissioners of Customs (Preventive),
3. समस्त प्रमुख मुख्य आयुक्त / मुख्य आयुक्त, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं जीएसटी, / All Principal Chief Commissioners / Chief Commissioners of Central Excise & GST,
4. समस्त प्रमुख महानिदेशक / महानिदेशक / प्रमुख अपर महानिदेशक / अपर महानिदेशक, CBIC के अधीन निदेशालय, / All Principal Director Generals / Director Generals / Principal Additional Director Generals / Additional Director Generals, Directorates under CBIC,
5. समस्त प्रमुख अपर महानिदेशक / अपर महानिदेशक, NACIN ZTI/RTI, / All Principal Additional Director Generals / Additional Director Generals, NACIN ZTIs/RTIs,

महोदय / महोदया, / Madam / Sir,

**विषय / Subject:** अवर श्रेणी लिपिक (LDC) के पद पर पदोन्नति हेतु विभागीय परीक्षा, वर्ष 2026-27 (हवलदार – केंद्रीय कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क; बहु-कार्य कर्मचारी – केंद्रीय कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क; तथा केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो में Rs. 1800/- ग्रेड वेतन वाले समूह 'ग' कर्मचारी) की अधिसूचना का परिचालन – के संबंध में। / Circulation of Examination Notice for Departmental Examination for Promotion to the grade of Lower Division Clerk (LDC) for officers namely Havaldar of Central Tax, Central Excise and Customs; Multi-Tasking Staff of Central Tax, Central Excise and Customs; and Group 'C' staff with grade pay of Rs. 1800/- in Central Bureau of Narcotics for the Year 2026-27 – Reg.

1. वर्ष 2026-27 के विभागीय परीक्षाओं के वार्षिक कैलेंडर, जो NACIN पालसमुद्रम द्वारा पत्र सं. NACIN/II/12/3/2026-EXAM-NACIN-PALASAMUDRAM दिनांक 26.03.2026 के माध्यम से अधिसूचित किया गया है, के अनुसार अवर श्रेणी लिपिक (LDC) के पद पर पदोन्नति हेतु विभागीय परीक्षा, वर्ष 2026-27 (हवलदार – केंद्रीय कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क; बहु-कार्य कर्मचारी – केंद्रीय कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क; तथा केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो में Rs. 1800/- ग्रेड वेतन वाले समूह 'ग' कर्मचारी), NACIN आंचलिक प्रशिक्षण संस्थान (ZTI), दिल्ली (फरीदाबाद परिसर) को सौंपी गई है तथा यह परीक्षा **15 जून 2026 (सोमवार)** को आयोजित होने वाली है। / In terms of the Annual Calendar of Departmental Examinations for the Year 2026-27, notified by NACIN, Palasamudram vide letter No. NACIN/II/12/3/2026-EXAM-NACIN-PALASAMUDRAM dated 26.03.2026, the Departmental Examination for Promotion to the grade of Lower Division Clerk (LDC) for officers namely Havaldar of Central Tax, Central Excise and Customs; Multi-Tasking Staff of Central Tax, Central Excise and Customs; and Group ‘C’ staff with grade pay of Rs. 1800/- in Central Bureau of Narcotics for the Year 2026-27 has been assigned to NACIN Zonal Training Institute (ZTI), Delhi (Faridabad Campus) and is scheduled to be held on **15th June 2026 (Monday)**. The Examination Notice along with related documents is enclosed herewith for necessary action.

2. आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित दस्तावेज़ संलग्न हैं: / The following documents are enclosed for information and necessary action:

- परीक्षा अधिसूचना (वर्ष 2026-27) परीक्षा के दिशा-निर्देशों के साथ। / Examination Notice (Year 2026-27) along with instruction of Examination.
- अनुबंध – अ: नामांकन प्रोफार्मा / Annexure – A: Proforma for Nomination
- अनुबंध – ब: पाठ्यक्रम / Annexure – B: Syllabus
- अनुबंध – स: उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के लिए प्रोफार्मा / Annexure – C: Proforma for First Page of Each Answer Sheet

3. सभी मुख्य आयुक्त / प्रमुख मुख्य आयुक्त महोदय से अनुरोध है कि इस परीक्षा अधिसूचना को अपने अधिकार क्षेत्र के समस्त आयुक्तालयों / सीमा शुल्क गृहों / निदेशालयों में सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु परिचालित करने की कृपा करें। / All Principal Chief Commissioners / Chief Commissioners are requested to circulate this Examination Notice to all Commissionerates / Customs Houses / Directorates within their respective jurisdictions for information and necessary action.

4. निर्धारित प्रारूप (अनुबंध – अ) में भरे हुए तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित नामांकन, इस कार्यालय को अधिकतम **05.06.2026 (गुरुवार)** तक ई-मेल पते exam-nacinztidelhi@gov.in पर प्रेषित करने का कष्ट करें। इस तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। / Nominations in the prescribed format (Annexure – A), duly filled and signed by the competent authority, may kindly be forwarded to this office latest by **05.06.2026 (Thursday)**, through email at exam-nacinztidelhi@gov.in. Any requisition received after this date shall not be entertained.

5. समस्त संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरणों (CCAs) का ध्यान विशेष रूप से निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण निर्देश की ओर आकृष्ट किया जाता है, जो परीक्षा अधिसूचना/परीक्षा निर्देशों में भी सम्मिलित किया गया है: / Attention of all Cadre Controlling Authorities (CCAs) is specifically drawn to the following important instruction, which is also incorporated in the Examination Notice / Instructions for Examination:

> **"यदि कोई उम्मीदवार अपनी उत्तर पुस्तिकाओं में अपना नाम लिखता है या किसी ऐसे चिह्न / प्रतीक / हस्ताक्षर आदि का उपयोग करता है, जिससे उम्मीदवार की पहचान किसी भी प्रकार से उजागर हो सकती है, तो उसकी परीक्षा रद्द कर दी जाएगी।" / "The examination of any candidate shall be cancelled if that candidate writes his/her name or uses any sign / symbol / signature etc. in the answer sheets which may hint the identification of the candidate in any way."**

6. यह संज्ञान में आया है कि विगत में आयोजित परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं में इसके अनुपालन न किए जाने के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाएँ न केवल संबंधित अभ्यर्थी की परीक्षा को निरस्त कराने का कारण बनती हैं, बल्कि संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण (CCA), आयुक्तालय / सीमा शुल्क गृह, NACIN एवं अभ्यर्थियों के लिए अनावश्यक असुविधा एवं संभावित विधिक विवादों को भी जन्म देती हैं। अतः, यह अत्यावश्यक है कि ऐसे सभी मामलों को पूर्व-सक्रिय रूप से (proactively) रोका जाए।/It has come to notice that instances of its non-observance in answer sheets have occurred in examinations conducted in the past. Such incidents not only result in cancellation of the examination of the concerned candidate but also cause unnecessary embarrassment and potential legal disputes for the Cadre Controlling Authority (CCA), the Commissionerate / Customs House, NACIN, and the candidates. It is, therefore, imperative that all such instances are prevented proactively.

7. तदनुसार, सभी संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरणों (CCAs) से अनुरोध किया जाता है कि वे परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थियों एवं परीक्षा में संलग्न अधिकारियों को प्रमुखता से संवेदनशील बनाएँ तथा उन्हें यह निर्देश दें कि वे उत्तर पुस्तिकाओं में किसी भी अनुचित स्थान पर अपना नाम, अनुक्रमांक (रोल नंबर) अथवा कोई भी चिह्न / प्रतीक / हस्ताक्षर अंकित करने से कदापि विरत रहें, जिससे किसी भी प्रकार से उनकी पहचान का संकेत मिल सके। यह सुनिश्चित करना संबंधित संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण (CCA) की जिम्मेदारी होगी कि इस प्रकार की कोई भी घटना पुनः न हो। परीक्षा केंद्र पर नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी / पर्यवेक्षक / निरीक्षक को भी परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व इस संबंध में पर्याप्त रूप से अवगत कराया जाए। / Accordingly, all CCAs are requested to **prominently sensitize** all candidates appearing in the examination and officers engaged in examination to strictly refrain from writing their names, Roll Numbers (at inadvertent places), or using any sign / symbol / signature in the answer sheets that may hint at their identification in any way. It shall be the **responsibility of the concerned CCA** to ensure that no such instance recurs. The Authorized Officer / Supervisor / Invigilator at the examination centre shall also be adequately briefed in this regard before the commencement of the examination.

भवदीय, / Yours faithfully,

Digitally signed by
Bijay Kumar Sinha
Date: 20-05-2026
11:18:52

**(बिजय कुमार सिन्हा) / (Bijay Kumar Sinha)**

सहायक निदेशक (परीक्षा) / Assistant Director (Exam)

नासिन, जेडटीआई दिल्ली–फरीदाबाद / NACIN ZTI Delhi, Faridabad

**संलग्नक: / Enclosures:**

1. परीक्षा सूचना एवं परीक्षा के दिशा-निर्देशों के साथ। / 1. Examination Notice along with instruction of Examination.
2. अनुबंध – अ: नामांकन प्रोफार्मा / 2. Annexure – A: Nomination Proforma
3. अनुबंध – ब: पाठ्यक्रम / 3. Annexure – B: Syllabus
4. अनुबंध – स: उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ का प्रोफार्मा / 4. Annexure – C: Proforma for First Page of Answer Sheet